Kendriya Vihar-II Apartment Owners' Association
Community Centre-1, Kendriya Vihar-II, Plot No.3, Sector-82, Noida-201304, U.P.
(Website: www.noidakv2.org ; E-mail: noidakv2@gmail.com ; Tel: 0120-2463700)

किरायदारों के लिए निर्देश

1. सोसाइटी में हॉर्न बजाना प्रतिबंधित है ।
2. सोसाइटी में वाहन चलाते समय गतिसीमा 20 से ऊपर न हो इसका ध्यान रखें इससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है ।
3. दूध हो सके मदर डेरी की दुकान से या किसी अन्य दुकान से खरीदें दूधियों से दूध न खरीदें क्योंकि ये सब मिलावट कर बेचते हैं जिससे हमारी सेहत पर बुरा असर पड़ता है ।
4. सोसाइटी के कॉमन एरिया में गन्दगी बिलकुल भी न फेलाए खासकर रास्तों और नालियों में ।
5. सोसाइटी में घर की सफाई या पोछा करने के बाद अपनी बालकनी से गंदा पानी रास्ते में या क्यारियों में न फेकें ।
6. कूड़ा हमेशा कूड़ेवाले को घर आने पर ही दें पहले से घर के बाहर न रखें ।
7. अगर आपके पास पालतू जानवर है तो कृपया विशेषकर ख्याल रखें कि उसकी वजह से सोसाइटी में गन्दगी न फैले ।
8. अपने मकान के नीचे रहने वालों के मकानों में सीलन आने पर उसे ठीक कराते वक्त सहयोंग करें ।
9. अपना वाहन सही जगह पर ही पार्क करें दूसरों की पार्किंग में या पार्किंग के सामने पार्क बिलकुल भी न करें ।
10. हमेशा अपना सोसाइटी का रखरखाव शुल्क नियत तारीख से पहले सोसाइटी ऑफिस में जमा करें ।
11. कूड़ा हमेशा कूड़ेदान में डाले पार्को में न डाले ।
12. अपने घर के प्रवेश द्वार के सामने डस्टबिन और गमले आदि न रखें ।
13. अपने घर में तेज आवाज में टीवी या म्यूजिक न बजाये ।
14. कॉमन एरिया व छतों पर किसी भी तरह के नशे का सेवन न करें ।
15. छतों पर व पार्को में अपने कपड़े न सुखाएं ।
16. अपने रिहायशी फ्लैट में किसी भी प्रकार का व्यवसायिक क्रियाकलाप कदापि ना करें । इससे पड़ोसियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है । ऐसा करते पाए जाने पर मकान खाली कराने की कार्यवाही की जाएगी ।

कृपया नोट करें कि उपरोक्त का उलंघन करने पर आप के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी ।

Scanned by CamScanner